हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 8 जनवरी 2024

11 सब्जियों की भरपूर आवक से दाम हुए सामान्य
12 18 लाख गरीबों को मिलेगा पीएम आवास : साय







अत्याधुनिक लेजर टेक्नोलॉजी से पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, पिलोनाइडल साइनस, वैरिकोस का इलाज इसराइल से आयातित, नियो वी लेजर मशीन
कम समय, कम तकलीफ, कम खर्च, कम भर्ती, कोई चीरा नहीं, टाका नहीं, पट्टी नहीं त्वरित एवं दीर्घकालिक निवारण
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, गर्भवती महिलाओं के लिए भी अत्यंत सुरक्षित
पहले भी ऑपरेशन करा चुके मरीज जो ठीक नहीं हुए या जिन्हें दोबारा हो गया है
LASER ← से किये जाने वाले ऑपरेशन
PILES FISSURE FISTULA
एडवांस लेजर पाइल्स ओ पी डी, प्रतिदिन प्रदीप हॉस्पिटल कुरुद, सिटी हॉस्पिटल धमतरी कर्मा हॉस्पिटल अभनपुर
सर्व सुविधायुक्त 100 बिस्तरों का अस्पताल
प्रदीप हॉस्पिटल
कुरुद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
नार्मल डिलीवरी, सिजेरियन ऑपरेशन के लिए स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्ड चल रहा है, साथ ही सभी प्रकार की आकस्मिक बिमारियों का ईलाज स्मार्ट कार्ड से होगा.
उपलब्ध सुविधाएं
स्त्री रोग- नार्मल डिलीवरी, सीजेरियन डिलीवरी, बच्चादानी की सर्जरी, स्त्रियों की नसबंदी स्मार्टकार्ड से. जनरल सर्जरी - बवासीर, भगंदर, फिशर, हार्निया, हाइड्रोसील, गालब्लैडर, स्तन के गांठ, स्तन कैंसर. अस्थि रोग - हड्डियां एवं जोड़ों की चोट व फ्रेक्चर, कंधे, घुटने, कमर में दर्द हड्डियों से मवाद आना और टूटी हड्डियों को जोड़ना. मूत्र रोग - किडनी, यूरेटर, पेशाब की नली के पत्थर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना और पेशाब का रुकना, पेशाब नली की पैदाइसी विकृतियां. दन्त रोग - स्मार्टकार्ड से नि:शुल्क दांतो का ईलाज. जनरल मेडिसीन - ब्लडप्रेशर, शुगर, थायरायड, टाइफाइड, मलेरिया, पीलिया. शिशु सर्जरी - नवजात शिशुओं की पैदाइसी विकृतियां, मलद्वार का न बना हुआ होना, छोटे बच्चों की सर्जरी. 3D/4D - सोनोग्राफी, डिजिटल एक्सरे, कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी, लैब डिजिटल कॉल्पोस्कोपी, यूरोफ्लोमेट्री की आर्म, नि:शुल्क एम्बुलेंस, कार्बनडाई ऑक्साइड लेजर
डॉ. प्रीति साहू M.B.B.S., स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रदीप साहू M.B.B.S., M.S., M.C.H. (Surgeon)



## खबर संक्षेप

### कोकड़ी में मड़ई 12 को

**सिर्री।** ग्राम कोकड़ी (नारी) में ग्रामीणों के सहयोग से 12 जनवरी शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छेरिया भरदा बालोद का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है। यह जानकारी धनेश ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, देवलाल साहू, गिरवर साहू, एस कुमार साहू, कौशल साहू, रिखीराम साहू, मालचंद, विद्याचरण, नरेश साहू ने दी है।

### कोसमर्रा में रामायण सम्मेलन 3 फरवरी से

**भखारा।** ग्रामवासियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से ग्राम कोसमर्रा में 3 से 5 फरवरी तक रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह जानकारी मागेंद शर्मा ने दी है।

### राजपुर में मड़ई मेला आज

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 8 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए भूपेन्द्र साहू कृत रंग सरोवर बारूका जिला गरियाबंद का कार्यक्रम होगा। तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बिरझू कंवर, कोषाध्यक्ष जयराम सिन्हा, सचिव चंद्रहास ध्रुव, कन्हैया निषाद, विजय यदु, भगवंत सिन्हा, राजू निषाद, पूनमचंद सिन्हा, गुहलेद दीवान, पुरूषोत्तम सिन्हा, गिरवर यदु, दूजराम ध्रुव, फूलजी, रमेश्वर साहू, रेखराम ध्रुव, राधेश्याम यदु, केदार साहू, पवन निषाद जुटे हुए हैं।

### करगा में सत्संग समारोह 10 एवं 11 को

**जीजामगांव।** करगा में 10 एवं 11 जनवरी को सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। सत्संग समारोह के प्रमुख प्रवक्ता परीक्षा साहेब, धर्मप्रकाश साहेब उत्तरप्रदेश, संकल्प साहेब, सुधीर साहेब कबीर आश्रम परसदा कांकेर, गुरमुख साहेब कुरुक्षेत्र हरियाणा होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि प्रथम दिवस भजन एवं प्रवचन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। द्वितीय दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सत्संग, प्रवचन, गुरू पूजा व आरती अटल परिसर बाजार चौक में होगी। आयोजन की तैयारी में पदमा, दमयंती, ललिता, मधु, शारदा, मुक्ति शरण साहेब, साध्वी प्रगति सानिध्या, ऋतुसुधा साहेब, कबीर संस्कार आश्रम समिति करगा सहित भक्त समाज जुटा हुआ है।

---

ड्राइवरों की हड़ताल के बाद से डगमगाई व्यवस्था

# धान खरीदी केंद्रों में लगा मेगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जैसा धान खरीदी का हाल है, उससे ज्यादा बुरी स्थिति उठाव की हो गई है। ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल के बाद उठाव की गति धीमी हो गई है। स्थिति यह है कि धान खरीदी केंद्रों में मेगा जाम लगा हुआ है। कई खरीदी केंद्र पूरी तरह से भर गए हैं। शनिवार-रविवार के उठाव के बाद कुछ राहत मिली है। इसके बाद भी उठाव की स्थिति संतोषप्रद नहीं है।

सोसाइटियों में रोजाना खरीदी की लिमिट कम होने के कारण खरीदी की रफ्तार काफी धीमी है। जिले में 58 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जानी है लेकिन अब तक 38 हजार क्विंटल धान ही खरीदा गया है। अब तो खरीदी के पैकअप की तैयारी भी शुरू हो रही है। शनिवार-रविवार सहित अन्य सरकारी छुट्टियों को छोड़ दे तो जनवरी में सिर्फ 18 दिन ही धान खरीदी बाकी है। इन 18 दिनों में 20 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जानी है। उधर जिस स्पीड से खरीदी चल रही है, उस स्पीड से लक्ष्य पूरा होना मुश्किल है। खरीदी केंद्रों में उठाव की स्थिति भी काफी सुस्त हो गई है। हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवर हड़ताल पर चले गए थे, जिसका सीधा असर खरीदी केंद्रों से धान के उठाव पर पड़ा है। शुक्रवार तक तो उठाव ठप था। शनिवार और रविवार को कुछ मात्रा में धान का उठाव हुआ, इसके बाद भी खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति बनी हुई है। जिले के 100 खरीदी केन्द्रों में करीब 11 लाख क्विंटल धान जाम है। हालात यह है कि कई खरीदी केंद्र पैक हो गए हैं, जहां पर धान खरीदी में परेशानी हो रही है। जिले में खरीदे गए 38 लाख क्विंटल में से 34 लाख क्विंटल धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया जा चुका है। इसमें से करीब 27 लाख क्विंटल धान का उठाव हुआ है।



### कई किसान एक बार भी नहीं बेच पाए धान

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 1 लाख 24 हजार 971 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है, जिसमें से 1 लाख 20 हजार किसानों ने केन्द्रों में धान बेचा है। अब तक करीब 5 हजार किसान एक बार भी धान नहीं बेच पाए हैं। जो किसान धान बेच चुके हैं, उनमें से कई किसान दूसरी बार टोकन जारी किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक खरीदे गए धान के एवज में किसानों को 827 करोड़ 32 लाख 58 हजार रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

### खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग

किसान मुरारजी साहू, कौशल साहू, शंकर साहू ने बताया कि अब तक वे अपने कोटे का पूरा धान नहीं बेच पाए हैं। टोकन भी अब तक नहीं दिया गया है। उन्हें संदेह है कि वे अंतिम तिथि तक धान नहीं बेच पाएंगे। उन्होंने सरकार से धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है। इसके अतिरिक्त एकमुश्त 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य के लिए भी उन्होंने आवाज उठाई है।

---

अर्जुनी पुलिस ने की कार्रवाई

# 71 लीटर महुआ शराब लेकर घूम रहा कमार युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

फुटहामुड़ा का एक व्यक्ति अरौद में महुआ शराब बेचने के लिए पहुंचा था। उसने स्कूटी में 71 लीटर शराब रखी थी। यह शराब 91 पाउच में पैक थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा पर निगरानी रखने के लिए सभी थानों को सख्त निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में डीएसपी सुश्री नेहा पवार के नेतृत्व में अर्जुनी पुलिस द्वारा अवैध शराब पर अंकुश लगाने अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अरौद में एक व्यक्ति अवैध शराब रखकर घूम रहा है। तत्काल एक्शन लेते हुए पुलिस ने उसे पकड़ा। आरोपी माकरदोना फुटहामुड़ा कमार डेरा का रहने वाला मुन्ना कमार उम्र 40 वर्ष पिता भुखउ कमार है। उसके कब्जे से दो जूट बोरी में पॉलीथिन के 95 पाउच मिले जिसमें 71 लीटर शराब भरी हुई थी। शराब की कीमत 8550 रूपये आंकी गई है। शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी को जब्त किया गया है जिसकी कीमत लगभग 50000 रुपए है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में अर्जुनी थाना के निरीक्षक राजेश मरई, प्रधान आरक्षक जामवंत देशमुख, आरक्षक भुवन भक्ता का योगदान रहा।



पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

---

# कुहासे के आगोश में रहा अंचल



- दोपहिया सहित भारी वाहनों की गति रही धीमी
- 25 मीटर की रही दृश्यता, 9 बजे के बाद निकली धूप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रविवार की सुबह शहर सहित ग्रामीण अंचल कुहासे के आगोश में लिपटा रहा। घने कोहरे के कारण दृश्यता 20-25 मीटर की रही। सुबह 9 बजे के बाद कोहरा छंटा और धूप निकल आई। गली-मोहल्ले समेत मुख्य सड़कों पर कोहरे का असर देखा गया। सबसे ज्यादा खराब हाल एनएच 30 तथा शहर के मुख्य सड़कों का रहा। वाहनों की रफ्तार थम सी गई थी। भारी वाहनों को हेडलाइट जलाकर आवाजाही करनी पड़ी।

रोजाना मार्निंग वॉक करने वाले प्रशांत मीनपाल, जगतराम साहू ने बताया कि सुबह 5 बजे जब घर से निकले तो मौसम साफ था। चांदनी नजर आ रही थी। 6 बजे के बाद कोहरा छाने लगा। देखते ही देखते पूरा शहर कोहरे के आगोश में समा गया। 20-25 मीटर की दूरी पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था।

ट्रक ड्राइवर अश्वनी सोनवानी ने बताया कि कंवर से धमतरी तक पहुंचने में उसे 1 घंटे का समय लगा है जबकि 15 मिनट में इतनी दूरी तय हो जाती है। घने कोहरे के चलते कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था। हेडलाइट चालू कर वाहन को धीरे-धीरे चलाना पड़ा।

⏩ शेष पेज 10 पर

### गेहूं तथा दलहनी फसलों के लिए लाभदायक

कृषि विभाग के अधिकारी श्री पनिका बताते हैं कि रविवार को सीजन का दूसरा घना कोहरा देखने को मिला। इसका लाभ गेहूं तथा दलहन फसल उत्पादकों को मिलेगा। बारिश से गेहूं तथा दलहनी फसलों को नुकसान होता है लेकिन शीत बरसने से इन फसलों का उत्पादन अच्छा होता है। खराब मौसम को देखते हुए किसानों को बारिश की चिंता सता रही थी। कोहरा बरसने से किसानों ने राहत की सांस ली है।

---

सालों बाद एक अन्य संस्था को बोटिंग की दी गई परमिशन

# गंगरेल में वाटर स्पोर्ट्स का एकाधिकार खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गंगरेल में वाटर स्पोर्ट्स का एकाधिकार अब खत्म हो गया है। सालों बाद एक और संस्था को वाटर स्पोर्ट्स की परमिशन मिल गई है। इसी के साथ मानव वन प्रबंधन समिति ने बोटिंग के लिए अपनी तैयारी शुरु कर दी है। भविष्य में अब पर्यटकों को सस्ते वाटर स्पोर्ट्स का मजा मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि गंगरेल में वाटर स्पोर्ट्स का काम एक बड़ी कंपनी को ठेका में देने के बाद यहां संचालित मानव वन प्रबंधन समिति तथा एक निजी संस्था द्वारा संचालित वाटर स्पोर्ट्स को बंद करा दिया गया। वाटर स्पोर्ट्स में एक बड़ी कंपनी का एकाधिकार होने से लोगों को महंगे वाटर स्पोर्ट्स करना पड़ रहा था। पखवाड़े भर पहले पूर्व में संचालित वाटर स्पोर्ट्स को पुनः बोटिंग की परमिशन मिल गई है। अंटार्टिका शी वर्ड एक्टीविटीज में स्पीड बोट का जहां 2500 रुपये चार्ज लिया जाता है वहीं छोटी संस्था द्वारा संचालित स्पीड बोट का चार्ज 1000 रुपये लिया जा रहा है।

### मानव वन समिति भी वाटर स्पोर्ट्स की तैयारी में

डिप्टी रेंजर राकेशकुमार तिवारी ने बताया कि मानव वन प्रबंधन समिति भी वाटर स्पोर्ट्स के लिए परमिशन लेने की तैयारी कर रही है। यह समिति पूर्व में वाटर स्पोर्ट्स संचालित करती थी। बड़ी कंपनी को वाटर स्पोर्ट्स का ठेका मिलने के बाद मानव वन द्वारा संचालित वाटर स्पोर्ट्स को बंद करा दिया गया है जिससे मानव वन समिति के लाखों रूपए की बोट तथा मशीन कबाड़ हो रही है। बोटिंग शुरु होने से समिति को आय तथा रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि मानव वन को अपडेट करने के लिए 20 लाख का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है।




## खबर संक्षेप

### सिर्री में श्रीमद्भागवत सप्ताह 14 जनवरी से

**सिर्री।** मानस मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद सिन्हा और द्वारिका प्रसाद सिन्हा परिवार द्वारा इस वर्ष भी श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन 14 से 22 जनवरी तक ग्राम सिर्री के बाजार चौक में किया गया है। आयोजन का यह 13वां वर्ष है। 14 जनवरी को शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें महिलाएं, युवतियां शामिल होंगी। कलश यात्रा पूरे ग्राम का भ्रमण कर वापस कथास्थल पहुंचेगी। श्रीमद्भागवत कथा के व्यास पीठाधीश आचार्य पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्री होंगे जो मानस केसरी पंडित प्रमोद शास्त्री महाराज के अनुज हैं। परायणकर्ता पंडित श्रीकांत पाठक होंगे। वेदी पूजन पंडित गोविंद दुबे करायेंगे। भागवत कथा का रसपान श्रद्धालु सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक कर पाएंगे। श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह में श्रद्धालु गौकर्ण माहत्य, परीक्षित जन्म, वराह अवतार, ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा का श्रवण करेंगे। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण -प्रतिष्ठा के शुभ दिवस पर गीतासार श्रवण, हवन पूजन पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में सिन्हा परिवार, सत्संग समिति सहित अनेक ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## निधन

### जम्मूलाल साहू

**मगरलोड।** ग्राम आमाचानी निवासी जम्मूलाल साहू 90 वर्ष का निधन 1 जनवरी सोमवार को हो गया। वे अपने पुत्र नूतन लाल साहू, भुनेश्वर साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनकी अंतिम यात्रा में सामाजिकगण एवं ग्रामीणजनों ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कुहासे के आगोश में रहा अंचल...

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार अरब सागर में लो प्रेशर एरिया बनने से प्रदेश में नमीयुक्त हवाएं पहुंच रहीं है जिससे अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा तथा न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। सुबह 8.30 बजे आर्द्रता 84 प्रतिशत तथा शाम को 5.30 बजे 48 प्रतिशत आर्द्रता माना एयरपोर्ट स्टेशन पर मापी गई है। धमतरी जिले में अधिकतम तापमान 28.5 तथा न्यूनतम तापमान 14 डिग्री से अधिक रहा। सोमवार के लिए चेतावनी निरंक है। इसके बाद प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है।

कुरूद कालेज के दो खिलाड़ियों ने भुवनेश्वर में दिखाया खेल प्रतिभा का दम

# एथलेटिक्स में यशवंत एवं दुर्गा को मिला गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद महाविद्यालय खेल प्रतिभाओं का गढ़ विगत कई वर्षों से रहा है । विभिन्न खेलों के खिलाड़ी इस महाविद्यालय से पढ़कर अपने एवं अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करते हैं। प्रत्येक वर्ष 22 से 25 खिलाड़ियों का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इसी क्रम में संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के दो खिलाड़ियों का चयन आल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु हुआ है। पुरूष वर्ग से यशवंत कुमार बीपीएड तृतीय सेमेस्टर एवं महिला वर्ग से दुर्गा कोडोपी बीपीएड प्रथम सेमेस्टर का चयन हुआ है।



राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 10 एवं 11 दिसंबर 2023 को शासकीय ई. राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में हुआ था, जिसमें कुरूद महाविद्यालय के 5 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें से 2 खिलाडी यशवंत कुमार ने लम्बीकूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रान्ज मेडल एवं लम्बी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल एवं 4 गुना 100 रिलेरेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। महिला वर्ग में दुर्गा कोडोपी बीपीएड प्रथम सेमेस्टर ने 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। दोनों खिलाड़ी अगले चरण की प्रतियोगिता के लिए केआईआईटी विवि भुवनेश्वर में 25 से 31 दिसंबर 2023 तक उपस्थित रहे एवं अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में उत्तर-पूर्वी राज्यों के विभिन्न विवि से आये प्रतिभावान खिलाड़ियों के मध्य इनकी प्रतिस्पर्धा हुई।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. डी.के. राठौर, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, प्राध्यापक डॉ. एनके मेश्राम, एमएस साहू, डॉ. आरके पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, बीआर देवांगन, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण पटेल, हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, रेणु पाटले, डॉ. विक्रम सिंह, लीना दिली, विजयकुमार, कौस्तुभ तिवारी, नरोत्तमकुमार, नीलकंठ, एचआर उईके, तेजराम सिन्हा, वायआर उईके, केआर डहरे, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रविकुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस, अधिकारी एवं कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं जनभागीदारी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।



## छाया रहा कोहरा, हवाओं ने बढ़ाई ठंड

**अंवरी।** सर्दी बढ़ने के साथ मौसम की पहली धुंध व कोहरे ने रविवार को क्षेत्र को आगोश में ले लिया। सुबह 7 बजे तक तो शून्य दृश्यता बनी हुई थी एवं आसमान से हल्की ओस की बूंदें टपकती महसूस हो रही थीं। इसके बाद कोहरे का असर धीरे-धीरे कम होने लग गया एवं सुबह 9 बजे तक कोहरा छंट पाया। सूरज निकलने के बाद सर्दी से थोड़ी राहत महसूस हुई। इस दौरान दिनभर लोग गर्म कपड़ों से लदे नजर आए।

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर छाया उत्साह

# रामभक्तों की टोली नगर में रोज कर रही प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को है। हर गांव व नगर में महोत्सव को मनाने के लिए तैयारी शुरू हो गई। अयोध्या के अक्षत व निमंत्रण पत्र लोगों को देकर आमंत्रित किया जा रहा है।

कुरूद नगर में भी राम भक्तों की टोली रोजाना सुबह राम नाम जपते और भजन गाते प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने प्रेरित कर रही है। रामभक्त घर-घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत व श्रीराम मंदिर के छायाचित्र और आमंत्रण पत्र प्रदान कर रहे हैं। रोजाना सुबह और शाम की रामधुनी से कुरूद का माहौल भक्तिमय हो गया है। इस अवसर पर मालकराम साहू, विकास चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, धनेश्वर निर्मलकर, शशांक कृदत्त, शरद पंडा, दिनेश आसरानी, नेमीचंद बैस, मूलचंद सिन्हा, राजेंद्र गुप्ता, संतोष मोटवानी, अशोक सिन्हा, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, डुमेश साहू, खिलावन यादव, कुलेश्वर सिन्हा, होरेश्वर सिन्हा, भूषण देवांगन, चेतन सेन, राजू महावर, सुशील केला, खिलेंद्र साहू, परमेंद्र, टुकेश, जितेंद्र सिन्हा के साथ अन्य मौजूद थे।



# करेली बड़ी में ट्रैक्टर पार्ट्स की हो रही चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम करेली बड़ी में रुक-रुककर चोरी की घटना घट रही है। इससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। रविवार की मध्य रात्रि को बीरेंद्र पिता कोमल साहू के ट्रेक्टर की बैटरी को अज्ञात चोर उड़ा ले गया। ट्रेक्टर ब्यारा में रखी हुई थी। उन्होंने पुलिस चौकी में इसकी जानकारी देकर चोरों को पकड़ने की मांग की है। इससे पहले 28 दिसम्बर को शेखू साहू के यहां चोरी की घटना हुई थी। अज्ञात चोरों ने धान व ट्रेक्टर पार्ट्स पर हाथ साफ किया था। उन्होंने बताया कि उनके घर के ब्यारा में भी चोरी हुई थी, साथ ही धान में आग लगा दी गई थी। समय पर आग को नियन्त्रण किया गया। इसकी रिपोर्ट दर्ज पुलिस चौकी में की गई है। शक के आधार पर चोरी करने वाले को पकड़ा गया, तब कहीं उनकी सामग्री मिली। पुलिस से आरोपी चोर पर बड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, पर कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

इधर ग्रामीणों ने बताया कि गांव के तीन चार घर और ब्यारा में चोरी हो चुकी है। चोर ट्रेक्टर पार्ट्स पर हाथ साफ कर रहे हैं। ट्रेक्टर वालों के घर चोरी की घटना ज्यादा हो रही हैं। गांव के सार्वजनिक शौचालय में भी चोरी की घटना हुई है। बैटरी चोर पकड़ से बाहर हैं। इस तरह की आपराधिक घटना होने से गांव में माहौल अशांत हो गया है। ट्रेक्टर वाहन मालिक को सतर्क रहना बहुत जरूरी है।

इधर करेली बड़ी पुलिस अधिकारी ने बताया कि अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। गांव में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। चोरी की घटना की जानकारी हुई है। जल्द ही ट्रेक्टर पार्ट्स की चोरी करने वाले गिरफ्तार होंगे।

# सिर पर अक्षत कलश धारण कर भक्तों ने निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव गांव में मनाने और इसमें सभी लोगों को आमंत्रित करने के लिए ग्राम उमरदा में भजन-कीर्तन कर प्रभातफेरी निकाली गई।

इस दौरान अयोध्या से आए अक्षत कलश को सिर पर धारण कर राम नाम जपते हुए गांव का श्रद्धालुओं ने भ्रमण किया। साथ ही घर-घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत को प्रदान कर महोत्सव के लिए सभी को आमंत्रित किया। गांव में ही 21 व 22 जनवरी को श्रीराम नाम गुणगान महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसकी तैयारी में पूरा गांव जुटा हुआ है।



इस दौरान तुलसी पटेल, काशीराम कंवर, अयोध्या पटेल, अश्वनी कंवर, जयसिंग कंवर, चंद्रप्रकाश पटेल, हुमन चंद्राकर, डेरहू यादव, अर्जुन चंद्राकर, अंबर दीवान, रवि साहू, प्रदीप चंद्राकर, बसंत साहू, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, कैलाश पटेल, भागवतदास, विकास निर्मलकर, धीरज निर्मलकर, मुरली यादव, उजियार दीवान, शत्रुहन कंवर, पोखन चंद्राकर, जगदीश साहू, बीरसिंह, पन्नालाल दीवान के साथ अन्य मौजूद थे।

# डोमा में श्रीमद् भागवत सुनने उमड़ रही भीड़

**कोर्रा-भखारा।** ग्राम डोमा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन विष्णु अरोड़ा ने नारद कथा, अश्वत्थामा कथा, महाभारत युद्ध के बाद भीष्म पितामह का देह त्याग, अश्वत्थामा द्वारा अर्जुन के पांच पुत्रों को मारना, द्रोपदी द्वारा अश्वत्थामा को क्षमादान देना, अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से अभिमन्यु और उत्तरा के पुत्र परीक्षित की रक्षा करना, भगवान कृष्ण का द्वारिका जाना, द्वारिका में अपने पुत्रों द्वारा अधर्म का कार्य देखना, संदीपनी मुनि के श्राप के द्वारा यदु कुलवंश का नाश होना, श्री कृष्ण का देह त्याग, पांचों पांडवों का हिमालय पर्वत में जाकर देह त्याग, युधिष्ठिर के स्वर्ग गमन की कथा बताई। ज्ञात हो कि बाल योगी विष्णु अरोड़ा प्रसिद्ध कथाकार हैं। उनके अनेक ग्रंथ प्रकाशित हुए हैं। उनकी कथा सुनने के लिए दूर-दराज से सैकड़ों भागवत प्रेमी पहुंचे रहे हैं। श्रोताओं के लिए भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। कथा का समय प्रातः 10:30 बजे से 1 बजे तक और दोपहर 2:30 से 5:00 बजे तक है। व्यासपीठ महाराज द्वारा सुंदर ढंग से व यथार्थ कथाओं के माध्यम से श्रीमद् भागवत कथा वाचन किया जा रहा है।





# मध्यान्ह भोजन कर्मियों को जारी हुआ दो माह का मानदेय, आक्रोश




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन सीटू के राज्य संरक्षक कामरेड समीर कुरैशी ने बताया कि वर्ष 2023 में काफी संघर्ष करने के बाद केवल 2 माह का मानदेय की राशि आवंटित की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य में 1 लाख रसोईयों एवं 10 लाख से अधिक महिला स्व सहायता समूह के लिए मात्र 76 करोड़ रुपए जारी किया गया है। यह अपर्याप्त है। इससे केवल 2 माह का मानदेय भुगतान होगा।

यूनियन की अनसुईया कंडरा, ललिता साहू, सरला शर्मा, सीता साहू, अहिल्या ध्रुव, स्वसहायता समूह की संयोजिका नेमिन निषाद, सह संयोजक सारिका ध्रुव, अमेरिका नगारची ने कहा कि भाजपा सरकार को अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए बजट सत्र में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करके दिसंबर माह से रसोइयों को 3000 रुपए का भुगतान किया जाए। इसके लिए आगामी बजट सत्र में व्यवस्था की जाए।

# जिसने भी इस धरती पर जन्म लिया है, उसे एक दिन मृत्यु की गोद में सोना है : सुरजीत

**धमतरी।** जिला हिन्दी साहित्य समिति की पूर्व अध्यक्ष डॉ.सरिता दोशी के 83 वर्षीय पिता गुलाबचंद जी लोढ़ा का आकस्मिक निधन भिलाई स्थित निवास में हुआ। इस मौके पर धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति ने शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समिति के संरक्षक सुरजीत नवदीप ने कहा कि इस दुनिया में कुछ सच हो न हो, लेकिन एक सच यह जरूर है कि जिसने भी इस धरती पर जन्म लिया है, उसे एक दिन मृत्यु की गोद में सोना है। जब अपना प्रिय इस दुनिया को छोड़कर चला जाता है तो उनकी कमी जिंदगी भर रहती है। संरक्षक गोपाल शर्मा ने कहा कि मृत्यु सत्य है और शरीर नश्वर है। मदनमोहन खंडेलवाल ने कहा कि यह संसार प्रकृति के नियमों के अधीन है और परिवर्तन एक नियम है। शरीर तो मात्र एक साधन है। जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने कहा कि जीवन एक संयोग मात्र है। सुख और दुख कर्मवार आते हैं। सचिव डॉ.भूपेन्द्र सोनी ने कहा कि दुख कितना भी बड़ा क्यों न हो, धैर्य और संतुलन बनाकर रखना होगा।



■ जिला हिन्दी साहित्य समिति ने दी गुलाबचंद लोढ़ा को श्रद्धांजलि

शोक सभा में विनोद राव रणसिंग, श्रीमती पुष्पलता इंगोले, श्रीमती कामिनी कौशिक, श्रीमती अनु नंदा, डा.रचना मिश्रा, श्रीमती रेखा परमार, सुश्री माधुरी डडसेना, सुश्री माधुरी मारकंडेय, डॉ. राकेश सोनी, कुलदीप सिन्हा, राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा, आकाशगिरी गोस्वामी, रंजीत भट्टाचार्य, चन्द्रशेखर शर्मा, चन्द्रहास साहू, नरेशचन्द्र श्रोती, राकेश दीवान, निर्मल बरडिया, लक्ष्मण हिन्दूजा, मुकेश जैन, तिलक मानिकपुरी ने शोक संवेदना व्यक्त की।

शिक्षक कालोनी में हुई एक दिवसीय राम कथा

# श्रीराम कथा सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

शिक्षक कालोनी वार्ड 15 वंदेमातरम मार्ग में एक दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कथावाचक रामदयाल साहू थे। उन्होंने भजन मंडली के साथ सुंदरकांड की सुंदर व्याख्या करते हुए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मानस मंच के माध्यम से मानस पथिक ने रामचरित का वर्णन करते हुए कहा कि हमारे जीवन में नाम का बहुत महत्व है। नाम के साथ चरित्र और चरित्र के साथ नाम सदा जुड़ा रहता है। हमें बुजर्गों का सदा ही सम्मान करना चाहिए। बुजुर्ग सदैव अपना अनुभव पहुंचाने वाले होते हैं। बुजुर्ग दूरदृष्टि होते हैं। दूर की बातें देख और सोच पाते हैं। वे हमारे मार्ग को सुगम बनाते हैं जिससे हम अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकें।



कार्यक्रम के संयोजक ऋषि कुमार आमदे कहा कि यह अद्भुत संयोग हैं। 22 जनवरी को आयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है । इससे पूर्व कॉलोनी में राम नाम का रसपान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इससे बड़ी बात और नहीं हो सकती। हम आज से ही उत्सव की शुरुआत कर रहे हैं।

कार्यक्रम में आरके आमदे, रामायण लाल साहू, नूतन लाल चंद्राकर, सीआर साहू, एनआर साहू, डीपी देवांगन, देवेन्द्र दादर, बीआर साहू, वेदनाथ चंद्राकर, श्रवण साहू, थानेन्द्र साहू, महेन्द्र मानिकपुरी, नरेन्द्र साहू, नेमीचंद बैस, सीपी सेन, दीपांशु सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण शामिल हुए।

Pride of Dhamtari

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
डॉ करण सराफ — MD,DM Nephrologist — किडनी रोग विशेषज्ञ — 02 जनवरी 2024 मंगलवार
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon — ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ — 05 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon — ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ — 12 जनवरी 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### शीतला मंदिर के लिए हुआ शिलान्यास

**अंवरी।** ग्राम गातापार (कोर्रा) में शीतला मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर होंगे। मौके पर छत्रपाल बैस, आनंद यदु, कमलनारायण साहू, देवेंद्र साहू, महेतरु साहू, पारसमणि नेताम, योगेश्वर साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कालेज छात्रों ने स्वच्छता के लिए किया जागरूक

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में एवं स्वच्छता प्रभारी प्रो. पंकज जैन, डॉ. सीमा साहू एवं विधिक सलाहकार शंकर देवांगन के मार्गदर्शन में विकसित भारत कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ भारत मिशन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अर्पणा शर्मा, लीना गजेन्द्र, विवेक, जान्हवी, मुस्कान एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा जनसामान्य को स्वच्छता अपनाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। स्वच्छता प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने बताया कि महाविद्यालय में समय-समय पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।

### हवाई अड्डा महर्षि वाल्मीकि के नाम पर, समाजजनों ने मनाई खुशियां

**धमतरी।** अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में रामायण के रचयिता आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का मंदिर बनवाया जा रहा है। अयोध्या इंटरनेशनल हवाई अड्डा का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया गया है। इससे वाल्मीकि समाज में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज ने अपने- अपने जिलों मे कलशयात्रा निकालकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम एवं महर्षि वाल्मीकि की पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया और खुशिया मनाई। मौके पर वाल्मीकि समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजय डागौर, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अविनाश मारोठे समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। साथ ही संकल्प लिया कि 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को धूमधाम से मनायेंगे।

### कबीर साहेब के उपदेशों को जीवन में करें आत्मसात

**धमतरी।** ग्राम रुद्री में कबीर सत्संग समारोह हुआ। प्रवचनकर्ता त्रिलोकी साहेब, मुख्य वक्ता रवि दास साहेब थे। समापन अवसर के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य जागेंद्र साहू ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती माधुरी साहू, केशवराम साहू, ध्रुव कुमार साहू, सरपंच अनीता यादव, प्रीतम साहू थे। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि कबीर साहेब के उपदेशों को आत्मसात करने जीवन सफल हो जाता है। जागेंद्र साहू ने विधायक ओंकार साहू से कबीर भवन प्रांगण में पेवर ब्लॉक लगाने की मांग की।

### सिंधौरीखुर्द में रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**कुरुद।** जनपद पंचायत कुरूद द्वारा जनपद निधि से क्षेत्र क्रमांक 9 ग्राम सिंधौरीखुर्द में 2 लाख रुपये से बनने जा रहे रंगमंच निर्माण कार्य का रविन्द्र साहू सभापति एवं त्रिवेणी साहू सरपंच ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर तुकेश साहू महासचिव युवा कांग्रेस, दुकालूराम दीवान सचिव समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### रासेयो शिविर में बिखरी सांस्कृतिक छटा

**भखारा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखरी। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम से ग्रामीणों का मन मोह लिया। समापन से पहले एक सप्ताह तक छात्रों ने जोरातराई गांव में साफ-सफाई की। छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ शैलेंद्र साहू के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी टी के साहू के नेतृत्व में ग्राम जोरातराई (अंवरी) में किया गया।

**इतवारी बाजार अपडेट : टमाटर, लौकी 10 तो केला, पत्तागोभी, मूली 20 रुपए किलो बिका**

# सब्जियों की भरपूर आवक से दाम हुए सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हरी सब्जियों की आवक बढ़ने से दाम अब एक बार फिर से घटने लगे हैं। धीरे-धीरे आम जनता की जेब पर पड़ने वाला बोझ अब कम होने लगा है। लगभग 2 माह के बाद टमाटर के भाव सबसे नीचे दर्जे पर आ गए हैं। अदरक सहित अन्य दूसरी सब्जियों के दाम कम हुए हैं जिससे लोगों को राहत मिली है। मंडियों में भी खरीदारी बढ़ गई है। सब्जी विक्रेता बलदेव निषाद, हीरामन सोनकर ने बताया कि मौसम साफ रहने और आवक बढ़ने के कारण दाम में कमी आई है। आने वाले दिनों में सब्जियां और सस्ती हो सकती हैं। उनका कहना है कि अंचल के सब्जी उत्पादक किसानों को बेमौसम बारिश से काफी नुकसान हुआ है। उन्हें फिर से बोनी करनी पड़ी। अब पौधों से फलों का उत्पादन हो रहा है।



शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम को 4:30 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जी व्यवसायी लोकेश पटेल, दिनकर पटेल ने बताया कि रविवार को टमाटर, लौकी 10 रूपये किलो बिका। केला, पत्तागोभी, मूली 20 रूपये किलो रहा। भटा, गोभी, गांठगोभी, मटर 30 रूपये किलो बिका। गाजर, कुंदरू, डोड़का, तोराई 40 रूपये किला रहा। हरी मिर्च, हरा धनिया, सेमी 50 रूपये किलो बिका। बिंस, बरबटी, ढेंस, शिमला मिर्च, परवल, कटहल, मेथी भाजी 60 रूपये किलो रहा। करेला, भिंडी, ग्वारफल्ली 80 रूपये किलो बिका। मुनगा 100 रूपये तो अदरक 120 रूपये किलो रहा।

सब्जी खरीदने बाजार पहुंचे त्रिलोचन साहू, विमला साहू का कहना है कि काफी दिनों बाद हरी एवं मौसमी सब्जियों के दाम सामान्य हुए हैं। रेट कम होने से अतिरिक्त भार कम हुआ है। घर का बजट सामान्य हुआ है। कम रेट में अच्छी और स्वादिष्ट सब्जियां खाने को मिल रही है।

**आलू 18, प्याज 35**

हरी सब्जियों के साथ-साथ आलू प्याज के दाम भी सामान्य हो गए हैं। इस सप्ताह नया आलू 18 एवं प्याज 35 रूपये किलो बिका। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि रविवार को शक्कर 42, गुड़ 48, खड़ी मिर्च 260, खड़ी हल्दी 110, खड़ा धनिया 110, जीरा 450, काली मिर्च 750, रिफाइंड तेल 105, लहसुन 280, सरसों 70, मेथी 90, राहर दाल 145, मूंग दाल 105, उड़द दाल 115, मसूर दाल 85, चना 70, काबुली 120, मटर 80, चना दाल 80 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 80 रूपये दर्जन रहा।

## सहायक शिक्षकों ने विधायक से वेतन विसंगति को दूर करने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के पदाधिकारियों ने सहायक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने पूर्व सेवा की गणना करते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि से सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने, क्रमोन्नत वेतन प्रदान करते हुए 20 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर पुरानी पेंशन का लाभ दिलवाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। विधायक ने उनकी हर समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन नगरी के अध्यक्ष एसबी मिर्जा, सचिव गजानंद सोन, कोषाध्यक्ष चैंपेश्वर साहू, अंकेक्षक अनिल साहू, संतोष बांधव, महिला उपाध्यक्ष चंद्रकुमारी नवरंगे, कुमारी साहू, योगेश्वरी ध्रुव, दिनेश ताम्रकर सकुल समन्वयक, दिनेश निषाद, यूरेश झारिया उपस्थित थे।

## जीजामगांव कॉलेज में हुई प्रश्नोत्तरी स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में साइंस क्लब के तत्वावधान में सामान्य जनरल नॉलेज से संबंधित क्विज प्रतियोगिता रखी गई।

प्राचार्य डॉ. सीआर यदु ने कहा कि प्रश्न मंच के माध्यम से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि बंशीलाल पटेल अध्यक्ष महाविद्यालय विकास समिति ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में शिक्षा को लेकर जागरूकता पैदा होती है। विभिन्न विषयों पर तत्कालीन उत्तर देने की क्षमता विकसित होती है। प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में कुल 8 टीम एबीसीडीई एफजीएच प्रतिभागी के रूप में शामिल हुई। सभी ग्रुप नदियों के नाम पर थे जिसमें ई शिप्रा ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस ग्रुप में रश्मि, भावना, महिमा, मेनका, तनु एवं उर्वशी शामिल थी। निर्णायक सहायक प्राध्यापक हेमशंकर ध्रुव एवं किरण लहरे थे। विजेता टीम को प्राचार्य डॉ सीआर यदु ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक हेमशंकर ध्रुव, पुष्पा दर्रो, अनिल जांगड़े, तेजराम साहू, गुलशन साहू, आरआर डिगरे, वेंकटेश टंडन, किरण लहरे, प्राचार्य बिरसमानी मिंज, ममता डहरिया, साक्षी शिंदे, अनुराधा बघेल, खुशी साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वेणु कुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन लीना बैस व अनिल जांगड़े ने किया।

## कांग्रेस मित्रता मैच : धमतरी ग्रामीण बना विजेता

**विजेता टीम को मिला 11 हजार 101 रुपए का इनाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रविवार को मिशन ग्राउंड में कांग्रेस मित्रता मैच का आयोजन हुआ। फाइनल मैच में धमतरी ग्रामीण ने जीत दर्ज की। पहले मैच में एनएसयूआई ने युवक कांग्रेस को हराया। दूसरा मैच नगर निगम पार्षद कांग्रेस व शहर ब्लाक क्रमांक 1 के बीच हुआ जिसमें शहर ब्लाक क्रमांक 1 विजयी रहा। तीसरा मैच धमतरी जिला कांग्रेस व ब्लाक कांग्रेस के मध्य हुआ जिसमें ब्लाक कांग्रेस की टीम विजयी रही। चौथा मैच ब्लाक कांग्रेस ग्रामीण व नगर कांग्रेस आमदी के मध्य हुआ जिसमें धमतरी ग्रामीण विजयी रहा। पहला सेमीफाइनल एनएसयूआई व ब्लाक कांग्रेस 2 के मध्य हुआ जिसमें ब्लाक कांग्रेस 2 विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस व ब्लाक कांग्रेस 1 के मध्य हुआ, जिसमें धमतरी ग्रामीण विजेता रहा। फाइनल मैच धमतरी ग्रामीण व शहर





ब्लाक 2 के बीच हुआ जिसमें धमतरी ग्रामीण की टीम विजेता बनी।

विदित हो कि कांग्रेस मित्रता मैच का यह तीसरा वर्ष है। विधानसभा स्तर के कांग्रेसियों की 8 टीमें मिशन मैदान में क्रिकेट खेलने एकत्रित हुई। प्रथम आने वाली टीम को 11 हजार 101 रुपए तथा दूसरे स्थान पर रही टीम को 5555 रूपए का इनाम दिया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक गुरुमुखसिंह होरा, महापौर विजय देवांगन, पंकज महावर, मनोज साहू, अशरफ रोकड़िया, आकाश गोलछा, ईश्वर देवांगन, योगश शर्मा, वसीम कुरैशी, विक्रांत शर्मा, हितेश गंगवीर आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

## नवकार महिला मंडल ने सेवा सप्ताह में 2500 कपड़े बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवकार महिला मंडल ने मकई चौक स्थित महाराष्ट्र बैंक के पास कपड़े एवं पूड़ी सब्जी का वितरण किया। 700 लोगों को तिल लड्डू, बिस्किट, पूड़ी सब्जी बांटी गई। अध्यक्ष संतोष मिनी ने बताया कि इस सेवा सप्ताह के दौरान 2500 कपड़े का वितरण किया गया। 150 जोड़ी चप्पल बांटी गई। 200 ऊनी स्वेटर, साल, कंटोप, मफलर बांटे गए। 2300 शर्ट, साड़ी, चादर, लोअर, टी-शर्ट वितरित की गई। सभी स्कूलों में बिस्किट, खजूर, नमकीन, चाकलेट के 700 पैकेट वितरित किए। आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए झूला, बाथटब, क्रिकेट से,ट खिलौने, हेयर बेल्ट, कान के टॉप्स दिए गए। अध्यक्ष संतोष मिनी ने कहा कि अपनों के लिए सभी करते हैं लेकिन जो जरूरतमंद हैं, उनकी यदि जरूरत को पूरा करते हैं उससे एक आत्मिक खुशी मिलती है। कार्यक्रम में सचिव कुसुम गोलछा, कोषाध्यक्ष इंदु जैन, सरिता, संजू, सपना, दीपा जैन, रीता, दुर्गा, दीपा, रितु छाजेड़, शशि, शकुन पिंचा, कंचन चोपड़ा, कंचन बैद, संगीता पारख, सुमन राखेचा, नीता लोढ़ा, संजना बोहरा, सोनू भंसाली, अनीता लुंकड़, कविता लोढ़ा, शोभा भुरा समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थीं।

## नारी सशक्तिकरण पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

गायत्री शक्तिपीठ नगरी में नारी सशक्तिकरण पर कार्यशाला रखी गई। कार्यशाला में बहनों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साप्ताहिक साधना स्वाध्याय, स्वाध्याय मंडल, जैन समाज की महिला मंडल की बहनों के साथ गोष्ठी, गायत्री मंत्र लेखन, बलिवैश्व यज्ञ, साहित्य प्रचार, कर्मकांड, विभिन्न संस्कारों का अभ्यास कराया गया। रचनात्मक दीपयज्ञ, नारी जागरण, कन्या कौशल, जन्म दिवस संस्कार, दीक्षा संस्कार, पुंसवन संस्कार, स्वास्थ्य शिक्षा पर छः स्थानों पर दीपयज्ञ एवं संस्कार किया गया। स्वावलम्बन प्रशिक्षण में घरेलू उत्पाद -खीचिया पापड़, गुपचुप, पापड़ी, मिक्चर, चिंवड़ा, खस्ता, पेठा, मेथी के पौष्टिक लड्डू, प्रोटीन पाउडर , बलिवैश्व यज्ञ हेतु गोमय कुंड, साथ ही आनलाइन बिजनेस, आंशिक टेलीमार्केटिंग, स्वास्थ्य शिक्षा हर्बल लाइफ, कोचिंग क्लास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने प्रशिक्षण दिया गया।

बहनों को बाल संस्कार शाला, विद्यालय में उद्बोधन हेतु प्रेरित किया गया। आईटीआई कॉलेज में 94 युवाओं को, श्री सुखराम नागे कॉलेज छिपली नगरी में 40 युवाओं के लिए व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर आयोजित किया गया। सांकरा में कन्या कौशल शिविर लगाया गया। इनमें से 40 युवाओं ने आवासीय युवा शिविर एवं अन्य प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु स्वेच्छा से अपने-अपने नाम दिए। इस तरह पांच दिवसीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला में गायत्री शक्तिपीठ नगरी के ट्रस्टी, गायत्री प्रज्ञा महिला मंडल नगरी, छत्तीसगढ़ प्रांतीय प्रशिक्षक टोली एवं स्थानीय टोली की महिलाएं मौजूद थीं।

## डोमपदर स्कूल के बच्चे करेंगे स्मार्ट टीवी से पढ़ाई



- शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र का विकास : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय प्राथमिक शाला डोमपदर में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए शाला में स्मार्ट टीवी का उद्घाटन कार्यक्रम रखा गया।

शासकीय प्राथमिक शाला डोमपदर को स्व. श्रीमती कमलादास मानिकपुरी की स्मृति में पति रामेश्वरदास मानिकपुरी, पुत्र संतोषदास मानिकपुरी द्वारा एक स्मार्ट टीवी प्रदान एवं समाजसेवी तुमन रंजीता साहू भैंसमुंडी मगरलोड के सहयोग से स्मार्ट टीवी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुवनलाल मरकाम ग्राम पटेल डोमपदर थे। अध्यक्षता कुशल मरकाम अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति डोमपदर ने की। विशेष अतिथि जोहनलाल नेताम व्याख्याता डाइट नगरी एवं रामेश्वरदास मानिकपुरी थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जोहनलाल नेताम ने कहा कि शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र का विकास हो सकता है। आज के बच्चे भविष्य के नागरिक हैं। संकुल समन्वयक रामनरेश कश्यप बेलरगांव ने अपने सम्बोधन में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की सक्रियता की प्रशंसा की। संतोषदास मानिकपुरी शिक्षक आमाडीह ने पालकों में विद्यालय विकास की भावना के लिए आभार जताया। स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन चिंतुराम कौशल ने किया। यह जानकारी प्रधानपाठक रोहित देवांगन ने दी है।

## डॉ. श्रीनिवास रामानुजन के जीवन संघर्ष से सीख लें : डा. पाठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा/अंवरी

छग महतारी महाविद्यालय भखारा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता व व्याख्यानमाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ व्हीके पाठक विभागाध्यक्ष गणित विभाग बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी, डॉ गोविंद प्रसाद साहू सहायक प्राध्यापक गणित विभाग सेंटर आफ़ बेसिक साइंस पं रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर थे।

प्राचार्य डॉ शैलेंद्र साहू ने कहा कि वास्तव में गणित हमारे रग-रग में समाहित है । उनके बग़ैर जी पाना संभव नहीं है। जिस तरह जीवन में पानी, हवा और भोजन की आवश्यकता होती है, उसी तरह गणित भी मानव विकास के लिए आवश्यक है। जीवन भर कितना खोया, कितना पाया, कितना पाना है, कितना जीया यह सब गणित का ही खेल है।



मुख्य वक्ता डॉ व्हीके पाठक ने श्रीनिवास रामानुजन के संघर्षमय जीवन को रेखांकित करते हुए कि कहा कि आदमी यदि अपने लक्ष्य को निर्धारित कर अपने कर्म पर विश्वास करके आगे बढ़ते रहे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। डॉ श्रीनिवास रामानुजन कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहे। सारी परिस्थितियों को झेलते हुए गणित क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे।

डॉ. गोविंद प्रसाद साहू ने कहा कि भारत के विकास में गणित की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज हम विज्ञान के क्षेत्र में जो विकास कर रहे हैं, उसमें भी गणित का बहुत बड़ा योगदान है। डॉ श्रीनिवास रामानुजन ने जिस तरह गणित को जीवन के लिए आवश्यक मानते हुए निरंतर गणितीय पहेलियों को सुलझाने में संलग्न रहे, उसी तरह हर मनुष्य को दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ लक्ष्य प्राप्ति में संलग्न रहना चाहिए।

राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को अतिथियों ने प्रतीक एवं प्रमाण- पत्र के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक एमएस साहू, दिनेश साहू, ऐमेश्वरी ढीढी, सुनील साहू, अंजु कुर्रे, उषा साहू, तोमेश्वर मौर्यवंशी कार्यालय सहायक एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन टीके साहू सहायक प्राध्यापक हिंदी तथा आभार प्रकट सुश्री नेहा साहू ने किया।

## धमतरी कार्पोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

- पहले दिन सिंधी इलेवन ने श्रीराम हॉस्पिटल टीम के खिलाफ जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी कार्पोरेट स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 (कार्पोरेट प्रीमियर लीग) का शुभारंभ पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम धमतरी में 6 जनवरी शनिवार को हुआ। समापन 21 जनवरी को फाइनल मैच के साथ होगा। इसमें कुल 20 टीमों को प्रवेश दिया गया है।

प्रथम पुरस्कार 1 लाख रूपये नगद और विनर ट्राफी है। दूसरा पुरस्कार 50 हजार रूपये एवं रनर ट्राफी है। मैन आफ द सीरिज 10 हजार रूपये, मैन आफ द फाइनल 7 हजार रूपये, 5 हजार रूपये। मैन आफ द प्रथम एवं द्वितीय सेमी फाइनल 3-3 हजार रूपये हें। उद्घाटन मैच श्रीराम हॉस्पिटल टीम और सिंधी इलेवन टीम के बीच खेला गया, जिसमें सिंधी इलेवन ने निर्धारित 10 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीराम हॉस्पिटल टीम 9 विकेट पर 86 रन ही बना सकी। इस तरह सिंधी इलेवन ने 10 रन से मैच जीत लिया। मैन आफ द मैच देवेश जसवानी रहे। इस अवसर पर मिहिर पटेल, निशित पटेल, सौरभ नंदा, सतराम वाशानी, सकुश गुप्ता, अजय बाबर सहित अनेक लोग मैच को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। मैदान में ओपनिंग सेरेमनी विपिन पटेल, अरूण पटेल, प्रकेश सिंग आदि ने सिक्का उछालकर किया।



Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### सिलघट में मड़ई मेला 11 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सिलघट में 11 जनवरी को ग्रामीण मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोकनाचा मंडली बिरकोनी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी जिलाराम सिन्हा ने दी है।

### हरदिहा साहू समाज का सामूहिक विवाह 25 फरवरी को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज की मीटिंग रखी गई जिसमें सर्वसम्मति से 25 फरवरी को सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन हरदिहा साहू समाज रत्नाबांधा रोड धमतरी में करने का निर्णय लिया गया है।

### सेमरा बी में 12 को आर्केस्ट्रा

**अंवरी।** ग्राम सेमरा (भखारा) में विगत वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए गांव बनाने के बाद मड़ई मेला का आयोजन किया जाता है। इस साल भी 12 जनवरी को मड़ई रखी गई है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए ग्राम कोपरा पांडुका का छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा नवा बिहनियां की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच बिनेश्वरी सिन्हा एवं ग्रामीण अध्यक्ष राजेश सिन्हा ने दी है।

### आज जोरातराई प्रवास पर रहेंगे विधायक चंद्राकर



- विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में होंगे शामिल

**कुरूद।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओं एवं इनके क्रियान्वयन की जानकारी लोगों तक पहुंचाने, योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने तथा योजनाओं संबंधी जागरूकता एवं योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन चिन्हाकित ग्राम पंचायतों तक पहुंच रही है। यह यात्रा आज कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत जोरातराई (सिलौटी) पहुंचेगी। शिविर के माध्यम से केंद्र के अलावा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता को बताया जायेगा। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा जिसके मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर होंगे। मिली जानकारी के अनुसार श्री चंद्राकर दोपहर 12 बजे जोरातराई पहुंचेंगे जहां ग्रामीणों को संबोधित करेंगे।

### प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्परिणाम को बताया

**धमतरी।** कृति फाइन आर्ट्स इंस्टीट्यूट एवं ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा आयोजित शीतकालीन कैंप का समापन हुआ। छात्र-छात्राओं मान्या मुंजवानी, लविश मुंजवानी, ओजस सुखवानी, हरगुण छाबड़ा, वंशिका मुंजवानी, मिहिका झवर, अनन्या गुप्ता, अंकित राखेचा, समकित राखेचा, शिवांश शाह, प्रियांश शाह, विराट गुप्ता, आरंभ गुप्ता ने कागज पर चित्र उकेरकर प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्परिणाम को समझाने का प्रयास किया।

मुख्यमंत्री निजी कार्यक्रम में ग्राम परसवानी पहुंचे, ग्रामीणों को किया संबोधित

# 18 लाख गरीबों को मिलेगा पीएम आवास : साय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मगरलोड

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को पहली बार धमतरी जिले का दौरा किया। वे मगरलोड विकासखंड के ग्राम परसवानी में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे थे।

इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनता ने भाजपा जनता पार्टी पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मोदी की हर गारंटी को पूरा करने के लिए संकल्पित हैं।

श्री साय ने आगे कहा कि राज्य के 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिलेगा। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा निभाते हुए सभी सोसाइटियों को आदेशित कर धान की खरीदी शुरू कर दी गई है। भाजपा द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं से महतारी वंदन योजना के तहत 12000 रूपये सालाना देने का वादा किया गया था। इस वादे को जल्द निभाते हुए सभी विवाहित महिलाओं के खाते में बहुत जल्द प्रतिमाह राशि डाली जाएगी।

इस दौरान पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पिंकी ध्रुव, भाजपा जिलाध्यक्ष शशि पवार ठाकुर, उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष विजय यदु, भवानी यादव, जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव, रामायण सिन्हा, बसंत साहू, मिलन नेताम, नरेश अग्रवाल, हिरंजय साहू, मुरली सिन्हा, लोकेश साहू, टीकमचंद साहू, विद्याचरण नेताम, पवन निषाद, सरपंच झनेश्वर साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



### मोदी की गारंटी को करेंगे पूरा

श्री साय ने आगे कहा कि मोदी की गारंटी की ओर कदम बढ़ाते हुए उज्ज्वला कार्डधारियों को भी 500 रूपये में गैस सिलेंडर प्रदान किया जाएगा। भूमिहीन किसानों को भी सालाना 10000 रूपये प्रदान किया जाएगा। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए शासकीय योजनाएं बनाकर उसे लाभान्वित किया जाएगा। धान खरीदी के अंतर की राशि किसानों के खाते में बहुत जल्द एकमुश्त डाली जाएगी।

### पीएससी की जांच सीबीआई करेगी

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पूर्व सरकार ने जनता से किया अपना वादा नहीं निभाया था। जबकि भाजपा सरकार द्वारा मोदी की गारंटी को हर हाल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। पीएससी की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया गया। युवाओं के साथ धोखा कर नौकरी हासिल करने वालों के चेहरे जल्द बेनकाब होंगे और इसमें जो भी शामिल होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। युवाओं को न्याय मिलेगा। एक लाख पदों की भर्ती की जाएगी।

## लोहरसी में अंगना म शिक्षा व पालक शिक्षक सम्मेलन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला लोहरसी में अंगना म शिक्षा व शिक्षक पालक सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों ने कार्यक्रम में आई माताओं को अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। माताओं को बताया गया कि वह घर में कैसे बच्चों को छोटी-छोटी गतिविधियों से बेसिक ज्ञान दे सकती हैं। बच्चों के रचनात्मक लेखन का वाचन भी कराया गया।

माताओं के लिए बिंदी लगाओ, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ स्पर्धा रखी गई। मौके पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, संकुल समन्वयक डीके अग्रवाल, संकुल प्रभारी श्री सिन्हा, प्रधान पाठक श्रीमती शलिन्द्री साहू समेत बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

## रंग-बिरंगे परिधान में सजे नन्हे बच्चों की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध







- ऋग्वेद एकेडमी ने किया वार्षिक उत्सव का आयोजन
- अभिव्यक्ति 2024 पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

ऋग्वेद एकेडमी में वार्षिक उत्सव अभिव्यक्ति 2024 पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव में बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत कर पालकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू रहे। अध्यक्षता नगर निगम अध्यक्ष विजय देवांगन ने की। मां सरस्वती पूजन, दीप प्रज्ज्वलन के साथ उत्सव प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में 278 प्रतिभागी बच्चों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने ऋग्वेद एकेडमी की प्राचार्य श्रीमती सूर्यप्रभा चेट्टियार की विगत 16 वर्षों में प्राप्त उपलब्धियों की सराहना की। आगे कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने बेहतरीन मंच मिलता है। अन्य अतिथि विजय देवांगन, शरद लोहाना, मोहन लालवानी एवं नीशु चंद्राकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

प्राचार्य श्रीमती सूर्यप्रभा चेट्टियार ने वार्षिक उत्सव प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शैक्षणिक और सह पाठयक्रम गतिविधियों पर चर्चा करते हुए मोबाइल के दुरुपयोग, नैतिक मूल्य, आदर्शों और समसामयिक विषय पर चर्चा की। कहा कि बच्चों में नैतिक मूल्यों को विकसित करने में माता-पिता और शिक्षकों की अहम भूमिका होती है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना से हुआ। रंग-बिरंगे परिधान में सजे नन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो नृत्य, नाटक, संगीत, सामाजिक परिवेश को छू ले वाले थे। विभिन्न राज्यों की संस्कृति जब नृत्य और नाटक के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत की गई तो लोग विस्मित होकर देखते रहे। सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ छात्रों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर प्राचार्य सूर्यप्रभा चेट्टियार, विनीता प्रजापति, माही वैष्णव, गंगा साहू, प्रज्ञा साहू, सुनंदा साहू, तृप्ति देवांगन, जागृति पटेल, गोमती देवांगन, सपना पद्मवार, ज्योति मत्स्यपाल, अनू रजक, रेणुका गुप्ता समेत बड़ी संख्या में पालक मौजूद थे।

### भंवरमरा में श्रीमद् भागवत कथा 19 से

**मगरलोड।** ग्राम भंवरमरा में निषाद परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से भक्त गुहा निषाद राज जयंती पर श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आयोजन 19 से 27 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक मुकुंद कृष्ण महाराज राका मां बमलेश्वरी धाम डोंगरगढ़ होंगे। 19 को कलश यात्रा, व्यास पूजा होगी। 20 को भागवत कथा प्रारंभ, 21 जनवरी रविवार को ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 22 जनवरी सोमवार को अजामिल प्रसंग, प्रहलाद चरित्र, 23 जनवरी मंगलवार को वामन अवतार, राम कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 24 जनवरी बुधवार को बाल लीला, गोवर्धन धारण, रूक्मणि विवाह, 25 जनवरी गुरुवार को सुदामा चरित्र कथा, 26 जनवरी शुक्रवार को परीक्षित मोक्ष, शोभा यात्रा, 27 जनवरी शनिवार को गीतासार, पूर्णाहुति व प्रसादी का वितरण होगा। कथा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तथा 3 बजे से 5.30 बजे तक होगी। आयोजन की तैयारी में ग्रामीण अध्यक्ष सागर निषाद, उत्तम दास, शत्रुघन निषाद, महेन्द्र निषाद, इंदल ठाकुर, दलसिंग निषाद, काशीराम साहू, अरूण ध्रुव, गजाधर निषाद, सरपंच अशोक नागवंशी, उपसरपंच दिनेश निषाद जुटे हुए हैं।

## अमलीडीह में निकली कलश यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

22 जनवरी को होने वाली श्री राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम अमलीडीह में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। प्रत्येक घर से एक-एक कलश लेकर पूरी बस्ती में भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता घनश्याम साहू थे। इस अवसर पर कार सेवक घसियाराम साहू का सम्मान किया गया। मौके पर नीलमणि साहू, खूबलाल साहू, गोपी साहू, घूरसिंह साहू, सुरेश साहू, रोहित साहू, शिवदयाल, केदार साहू, दीनानाथ साहू, गुनेश्वर साहू, भारत साहू समेत श्री राम हिंदू संगठन के युवा मौजूद थे।

## साहू समाज भवन में शेड निर्माण एवं बोर खनन के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

ग्राम पंचायत सोरम के साहू समाज भवन में जनपद पंचायत निधि से शेड निर्माण एवं बोर खनन कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य अनुपमा साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति कविता बाबर, शीत कुमार साहू जिला अध्यक्ष हरदिहा साहू समाज, नन्दनी उमेश साहू सरपंच, राजेन्द्र साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, बिसेलाल साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, माणिक साहू पूर्व युवा अध्यक्ष हरदिहा साहू समाज थे। मुख्य अतिथि श्री साहू एवं अतिथियों ने मां कर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर शेड निर्माण एवं बोर खनन कार्य की आधारशिला रखी।

श्री साहू ने साहू समाज को मेहनतकश समाज बताते हुए कहा कि प्रदेश के विकास में साहू समाज का योगदान महत्वपूर्ण है। साहू समाज समय के अनुरूप अन्य समाज से कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान कमलेश्वर साहू, चन्द्रहास साहू, सुरेश कुमार साहू, झम्मन लाल साहू, मुकेश कुमार साहू, पुनूराम साहू, चोवाराम साहू, नरेश कुमार साहू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# समाज के प्रत्येक घर में लहराएगा भगवा पताका

- श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को भव्यता प्रदान करने सर्व गुजराती समाज ने लिए कई निर्णय
- प्रदेशाध्यक्ष प्रीतेश गांधी की अध्यक्षता में हुई जम्बो बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



### लोकसभा चुनाव में गुजराती समाज को छत्तीसगढ़ से मिले प्रतिनिधित्व

समाज की प्रदेशस्तरीय बैठक में अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन के साथ-साथ आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में गुजराती समाज से लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व देने की मांग भी की गई।

### भगवा ध्वज वितरण किया

बैठक में सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के सभी शहर से आए हुए पदाधिकारियों को घर-घर भगवा राम ध्वज लगाने हेतु ध्वज प्रदान किया गया है।

भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी अयोध्या में जोर-शोर से चल रही है। प्रभु श्रीराम 550 वर्ष के वनवास के बाद टेंट से श्रद्धा के मंदिर में करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं के रूप में विराजित हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक क्षण के गौरव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ ने प्रदेश स्तरीय पहल करते हुए प्राण प्रतिष्ठा को महापर्व के रूप में मनाते हुए समाज के प्रत्येक घरों में भगवा पताका, भगवा तोरण, शुभ चिन्ह स्वास्तिक एवं रंगोली बनाकर इस दिवस का अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। इसे यादगार बनाने के लिए लाखों श्रद्धालुओं, साधु संतों तथा देश के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य यजमान के रूप में संपन्न करेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा को दिव्यता और भव्यता प्रदान करने सर्व गुजराती समाज की छत्तीसगढ़ इकाई ने धमतरी में श्री गुजराती समाज भवन में प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रादेशिक बैठक करते हुए अनेक निर्णय लिए हैं। प्रभु श्रीराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर बैठक प्रारंभ की गई साथ ही समाज के संरक्षक स्व. रमेश भाई मोदी, स्व. रजनी भाई दवे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ ने बताया कि प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा सभी हिंदू समाज के लिए एक गौरवशाली दिवस के रूप में युगों-युगों की प्रतीक्षा को समाप्त कर देश तथा विश्व भर की सनातन परंपरा को मानने वाले लोगों के लिए स्थापित हो जाएगी जिसमें सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ भी अपना योगदान देने के लिए हरसंभव प्रयासरत है।

बैठक में अरविन्द भानुशाली गुजराती समाज अध्यक्ष बिलासपुर, सुनील पंड्या गुजराती समाज कार्यकारिणी अध्यक्ष रायपुर, प्रफुल्ल दीक्षित, खुशाल मेहता दुर्ग गुजराती समाज अध्यक्ष, अनिल शाह गुजराती समाज अध्यक्ष नवापारा राजिम, मोती वस्तारणी, भीरखु भाई पटेल दुर्ग, कांजी नाथवानी, कौशिक दवे, ज्योतिबन दवे, पंकज बड़ोदरिया, कान्हा भिलाई, तुषार राठौर दल्लीराजहरा, मयूर मनियार, भौरवु नाथवानी, सुमीत गंडेचा नाचापार राजिम, पूनम गंभीर सेजल सूचक, प्रफुल्ल गंभीर, मनीष सरवैया, रितेश सूचक महासमुंद, भगवान टांक, चंद्रमोहन रावल, संजय मानेक कांकेर, किरीत ठक्कर गरियाबंद, सौरभ, भारत बिलासपुर, राजू पटेल, धीरज परेल, शंभु पटेल, भरत गांधी, हितेश पटेल बालोद, हिम्मत पटेल, मुकेश पटेल, प्रकाश पटेल, मनोज पटेल, प्रदीप जोशी, चंद्रकांत देसाई, दिलीप काचा उपाध्यक्ष गुजराती समाज रायपुर, जितेन्द्र चौहान, केतन राजकोटिया, मनीष शाहा, नितिन दोलकिया, दशा सोरठिया समाज अध्यक्ष रायपुर, उमेश, जयेश शाह, विजय शेठ, हसमुख वेद, नितिन शाह, योगेश, हितेश, भावना टांक , रामकृष्ण पठारिया रायपुर, प्रकाश गांधी, हरि कटारिया , संजय राठौर, विपिन पटेल, हर्षद मेहता, अरुण पटेल, नादु त्रिवेदी, शांति बेन दामा, नीतू बेन त्रिवेदी, तरूण अंबानी, लखमश्री भानुशाली, भूपेश शाह, कांति माणेक, संतोष शाह, विशाल त्रिवेदी, कीर्ति गांधी, पीयूष राठौड़ उपस्थित थे।

## देश में विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा : उमेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

- डोड़की पहुंची हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा

हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा ग्राम डोड़की पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से देश में विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। भाजपा अंत्योदय की सोच को लेकर चलने वाली पार्टी है। समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों लिए योजनाएं बनाई जाती हैं। आगे कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब अपना इलाज मुफ्त में करवा रहे हैं। ऐसी तमाम योजनाएं केंद्र सरकार की चल रही है जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है।

कार्यक्रम प्रभारी डेनिस चंद्राकर ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में किसानों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं केंद्र की सरकार लेकर आई है। विकसित भारत यात्रा के जिला संयोजक हेमंत माला ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रियंका राजीव सिन्हा ने उज्ज्वला योजना को महिलाओं के लिए वरदान बताया। आभार प्रदर्शन सरपंच प्रदीप सिन्हा ने किया।



## गढ़ियापारा में हुई संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

**नगरी।** ग्राम गढ़ियापारा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सिहावा और संकुल चर्रा के मध्य हुई। प्रतियोगिता में कबड्डी, दौड़, रिले रेस, कुर्सी दौड़, गोला फेंक, चम्मच दौड़, आलू दौड़, 80, 100 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में संकुल समन्वयक प्रकाशचन्द्र साहू, संकुल प्रभारी एसआर साहू, प्रधान पाठक कोमलू राम नेताम, भानु कुमार देव, ताज बेगम, गणेशिया नवरंग, देवचंद टंडन, टिकेश कुमार साहू, तोमल साहू, पवन कुमार देवांगन, ललित कुमार श्रीवास, ललिता नेताम, टीकम सिन्हा, मिलनराम साहू, पवन कुमार साहू, चैतराम ध्रुव, शांति बैरागी आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. पुरूषों के रोग-धातुस्राव, शीघ्रपतन, इंद्रिय शिथिलता
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
8. शुगर रोग-पेशाब बार बार होना, थकान, कमजोरी
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि-स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411